झारखण्ड सरकार

कल्याण विभाग

अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियम 2008

राँची, झारखण्ड

झारखण्ड सरकार

कल्याण विभाग

❖

अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियम 2008

राँची, झारखण्ड

अनुक्रमणिका

क्रमांक	विवरण	पृष्ठ संख्या
1.	अधिसूचना जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, 31 दिसम्बर, 2007	1–2
2.	अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006	
	(अ) हिन्दी में	3 से 11
	(ब) अंग्रेजी में	13 से 21
3.	अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के तहत् नियम बनाने हेतु तकनीकि सहायक समूह का गठन – आदेश	22 से 23
4.	अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) नियम, 2008	
	(अ) हिन्दी में	24 से 36
	(ब) अंग्रेजी में	37 से 49
	(ग) शुद्धि पत्र नई दिल्ली, 6 फरवरी, 2008	50 से 51
5.	अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम–2006 की धारा–4 के उपधारा–7 एवं 2008 के नियम–9 के अधीन राज्यस्तरीय निगरानी समिति का गठन – संकल्प	52
6.	अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) नियम 2008 के तहत् अनुमण्डल/जिला स्तरीय समिति का गठन – अधिसूचना	53 से 55
7.	अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम–2006 एवं नियमावली–2008 के अधीन नोडल पदाधिकारी की घोषणा–संकल्प	56
8.	अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम–2006 के कार्यान्वयन हेतु विभाग द्वारा निर्गत पत्र	57
9.	अधिसूचित क्षेत्र (झारखण्ड राज्य) आदेश–2007	58 से 63
10.	झारखण्ड ग्राम सभा (गठन, बैठक की प्रक्रिया एवं काम–काज का संचालन) नियमावली, 2003	64 से 70
11.	D.O.No. 11023/07/2000-TDR/C&LM.II	71 से 73

[भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उपखंड (ii) तारीख 31 दिसम्बर 2007 में प्रकाशनार्थ]

भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर 2007

अधिसूचना

का. आ. (अ) केन्द्रीय सरकार अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2,) की धारा 1 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तारीख 31 दिसम्बर, 2007 को, उस तारीख के रूप में नियत करती है, जिसको उक्त अधिनियम के उपबंध प्रवृत्त होंगे।

हस्ता./-
(डॉ. बचित्तर सिंह)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
[फा. सं. 17014/02/2007- पीसी एंड वी (जिल्द VII)]

रजिस्ट्री सं. डी एल.-33004/99

REGD. No. D.L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग-II खण्ड-3-उप खण्ड (ii)
PART II-Section 1- Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1614] नई दिल्ली, सोमवार, दिसम्बर 31, 2007 / पौष 10, 1929
No. 1614] NEW DELHI, MONDAY, DECEMBER 31, 2007 / PAUSA 10, 1929

जनजातीय कार्य मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर, 2007

का.आ. 2224 (अ).- केन्द्रीय सरकार, अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) की धारा 1 की उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तारीख 31 दिसम्बर, 2007 को, उस तारीख के रूप में नियत करती है, जिसको उक्त अधिनियम के उपबंध प्रवृत्त होंगे।

[फा.सं. 17014/02/2007-पीसी एंड वी (जिल्द VII)]

डॉ. बचित्तर सिंह, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF TRIBAL AFFAIRS

NOTIFICATION

New Delhi, the 31st December, 2007

S.O. 2224 (E).- IN exercise of the powers conferred by sub-section (3) of Section 1 of the Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006 (2 of 2007), the Central Government hereby appoints the 31st day of December, 2007 as the date on which the provisions of the said Act shall come into force.

[F.No. 17014/02/2007-PC&V (Vol.VII)]

Dr. Bachittar Singh, Jt. Secy.

5123 GI/2007

Printed by the Manager, Govt. of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi- 110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi - 110054

अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006

(2007 का अधिनियम संख्यांक 2)

(29 दिसम्बर, 2006)

वन में निवास करने वाली ऐसी अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों के, जो ऐसे वनों में पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं, किन्तु उनके अधिकारों को अभिलिखित नहीं किया जा सका है, वन अधिकारों और वन भूमि में अधिभोग को मान्यता देने और निहित करने; वन भूमि में इस प्रकार निहित वन अधिकारों को अभिलिखित करने के लिए संरचना का और वन भूमि के सम्बन्ध में अधिकारों को ऐसी मान्यता देने और निहित करने के लिए अपेक्षित साक्ष्य की प्रकृति का उपबंध करने के लिए अधिनियम

वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परम्परागत वन निवासियों के, मान्यताप्राप्त अधिकारों में, दीर्घकालीन उपयोग के लिए जिम्मेदारी और प्राधिकार, जैव विविधता का संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन को बनाये रखना और वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परम्परागत वन निवासियों की जीविका तथा खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करते समय वनों की संरक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करना भी सम्मिलित है;

और औपनिवेशिक काल के दौरान तथा स्वतंत्र भारत में राज्य वनों को समेकित करते समय उनकी पैतृक भूमि पर वन अधिकारों और उनके निवास को पर्याप्त रूप से मान्यता नहीं दी गई थी, जिसके परिणामस्वरूप वन में निवास करने वाली उन अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों के प्रति ऐतिहासिक अन्याय हुआ है, जो वन पारिस्थितिकी प्रणाली को बचाने और बनाये रखने के लिए अभिन्न अंग हैं;

और यह आवश्यक हो गया है कि वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों की, जिसके अंतर्गत वे जनजातियाँ भी हैं, जिन्हें राज्य के विकास से उत्पन्न हस्तक्षेप के कारण अपने निवास दूसरी जगह बनाने के लिए मजबूर किया गया था, लंबे समय से चली आ रही भूमि सम्बन्धी असुरक्षा तथा वनों में पहुँच के अधिकारों पर ध्यान दिया जाए;

भारत गणराज्य के सतावनवें वर्ष में संसद् द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो :-

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.

अध्याय-1
प्रारंभिक

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवास (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 है.

(2) इसका विस्तार जम्मू-कश्मीर राज्य के सिवाय सम्पूर्ण भारत पर है.

(3) यह उस तारीख को प्रवृत्त होगा, जो केन्द्रीय सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करें.

परिभाषाएँ. 2. इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :–

(क) ''सामुदायिक वन संसाधन'' से ग्राम की परंपरागत या रूढ़िगत सीमाओं के भीतर रूढ़िगत सामान्य वनभूमि या चरागाही समुदायों की दशा में भू–परिदृश्य का मौसमी उपयोग अभिप्रेत है, जिसके अंतर्गत आरक्षित वन, संरक्षित वन और संरक्षित ऐसे क्षेत्रों की भूमि है जैसे अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान जिन पर समुदायों की परंपरागत पहुँच थी;

(ख) ''संकटपूर्ण वन्य जीव आवास'' से राष्ट्रीय उद्यानों और अभ्यारण्यों के ऐसे क्षेत्र अभिप्रेत हैं, जहाँ वैज्ञानिक और वस्तुनिष्ठ मानदंडों के आधार पर, मामलेवार, विनिर्दिष्ट रूप से और स्पष्ट रूप से यह स्थापित किया गया है कि ऐसे क्षेत्र वन्य जीव संरक्षण के प्रयोजनों के लिए अनतिक्रांत रखे जाने के लिए अपेक्षित है जैसा कि केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय द्वारा एक ऐसी विशेषज्ञ समिति से परामर्श की खुली प्रक्रिया के पश्चात् अवधारित और अधिसूचित की जाए, जिसमें उस सरकार द्वारा नियुक्त उस परिक्षेत्र से विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे जिसमें धारा 4 की उपधारा (1) और उपधारा (2) से उद्भूत प्रक्रियात्मक अपेक्षाओं के अनुसार ऐसे क्षेत्रों का अवधारण करने में जनजातीय मंत्रालय का एक प्रतिनिधि भी सम्मिलित होगा;

(ग) ''वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजाति'' से अनुसूचित जनजातियों के ऐसे सदस्य या समुदाय अभिप्रेत हैं, जो प्राथमिक रूप से वनों में निवास करते हैं और जीविका की वास्तविक आवश्यकताओं के लिए वनों या वन भूमि पर निर्भर हैं और इसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति चरागाही समुदाय भी है;

(घ) ''वन भूमि'' से किसी वन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली किसी प्रकार की भूमि अभिप्रेत है और उसके अंतर्गत अवर्गीकृत वन, असीमांकित विद्यमान वन या समझे गए वन, संरक्षित वन, आरक्षित वन, अभ्यारण्य और राष्ट्रीय उद्यान भी है;

(ङ) ''वन अधिकारों'' से धारा 3 में निर्दिष्ट वन अधिकार अभिप्रेत हैं;

(च) ''वन ग्राम'' से ऐसी बस्तियाँ अभिप्रेत हैं, जो किसी राज्य सरकार के वन विभाग द्वारा वन सम्बन्धी संक्रियाओं के लिए वनों के भीतर स्थापित की गई हैं या जो वन आरक्षण प्रक्रिया के माध्यम से वन ग्रामों में संपरिवर्तित की गई हैं और जिनके अंतर्गत वन बस्ती ग्राम, नियत मांग धृति, ऐसे ग्रामों के लिए सभी प्रकार की वनकृषि बस्तियाँ भी है, चाहे वे किसी भी नाम से ज्ञात हों और इसके अंतर्गत सरकार द्वारा अनुज्ञात कृषि तथा अन्य उपयोगों के लिए भूमि भी है;

(छ) ''ग्राम सभा'' से ऐसी ग्राम सभा अभिप्रेत है, जो ग्राम के सभी वयस्क सदस्यों से मिलकर बनेगी और ऐसे राज्यों की दशा में, जिनमें कोई ग्राम पंचायत नहीं है, पाड़ा, टोला और ऐसी अन्य परम्परागत ग्राम संस्थाएँ और निर्वाचित ग्राम समितियाँ भी है जिनमें महिलाओं की पूर्ण और अनिर्बंधित भागीदारी है;

(ज) ''आवास'' के अंतर्गत ऐसा क्षेत्र भी है जिसमें आदिम जनजाति समूहों और कृषि पूर्व समुदायों और अन्य वन निवासी अनुसूचित जनजातियों के आरक्षित वनों और संरक्षित वनों में परम्परागत आवास और ऐसे अन्य आवास सम्मिलित हैं;

(झ) ''गौण वन उत्पाद'' के अंतर्गत पादप मूल के सभी गैर–इमारती वनोत्पाद हैं, जिनमें, बाँस, झाड़ झंखाड़, ठूंठ, बैंत, तुसार, कोया, शहद, मोम, लाख, तेंदू या केंदू पत्ते, औषधीय पौधे और जड़ी बूटियाँ, मूल, कन्द और इसी प्रकार के उत्पाद सम्मिलित हैं;

(ञ) ''नोडल अभिकरण'' से धारा 11 में विनिर्दिष्ट नोडल अभिकरण अभिप्रेत है;

(ट) ''अधिसूचना'' से राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना अभिप्रेत है;

(ठ) ''विहित'' से इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(ड) ''अनुसूचित क्षेत्र'' से संविधान के अनुच्छेद 244 के खण्ड (1) में निर्दिष्ट अनुसूचित क्षेत्र अभिप्रेत है;

2003 का 18

(द) "सतत् उपयोग" का वही अर्थ होगा, जो जैव विविधता अधिनियम, 2002 की धारा 2 के खंड (ण) में है;

(ण) "अन्य परम्परागत वन निवासी" से ऐसा कोई सदस्य या समुदाय अभिप्रेत है, जो 13 दिसम्बर, 2005 से पूर्व कम से कम तीन पीढ़ियों तक प्राथमिक रूप से वन या वन भूमि में निवास करता रहा है और जो जीविका की वास्तविक आवश्यकताओं के लिए उन पर निर्भर है.

स्पष्टीकरण.–इस खंड के प्रयोजन के लिए "पीढ़ी" से पच्चीस वर्ष की अवधि अभिप्रेत है;

(त) "ग्राम" से निम्नलिखित अभिप्रेत है –

(i) पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 की धारा 4 के खण्ड (ख) में निर्दिष्ट कोई ग्राम, या

1996 का 40

(ii) अनुसूचित क्षेत्रों से भिन्न पंचायतों से सम्बन्धित किसी राज्य विधि में ग्राम के रूप में निर्दिष्ट कोई क्षेत्र; या

(iii) वन ग्राम पुरातन निवास या बस्तियाँ और असर्वेक्षित ग्राम, चाहे वे ग्राम के रूप में अधिसूचित हों या नहीं; या

(iv) उन राज्यों की दशा में, जहाँ पंचायतें नहीं हैं, पारम्परिक ग्राम, चाहे वे किसी भी नाम से ज्ञात हों.

(थ) "वन्य पशु" से वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची 1 से 4 में विनिर्दिष्ट पशु की ऐसी प्रजातियाँ अभिप्रेत हैं, जो प्रकृति में वन्य के रूप में पाई जाती हैं.

1972 का 53

अध्याय-2
वन अधिकार

वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों के वन अधिकार.

3. (1) इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों के सभी वनभूमि पर निम्नलिखित वन अधिकार होंगे, जो व्यक्तिगत या सामुदायिक भूधृति या दोनों को सुरक्षित करते हैं अर्थात् :–

(क) वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासियों के किसी सदस्य या किन्हीं सदस्यों द्वारा निवास के लिए या जीविका के लिए स्वयं खेती करने के लिए व्यक्तिगत या सामूहिक अधिभोग के अधीन वन भूमि को धारित करने और उसमें रहने का अधिकार;

(ख) निस्तार के रूप में सामुदायिक अधिकार चाहे किसी भी नाम से ज्ञात हों, जिनके अंतर्गत तत्कालीन राजाओं के राज्यों, जमींदारों या ऐसे अन्य मध्यवर्ती शासनों में प्रयुक्त अधिकार भी सम्मिलित हैं;

(ग) गौण वन उत्पादों के, जिनका गाँव की सीमा के भीतर या बाहर पारंपरिक रूप से संग्रह किया जाता रहा है स्वामित्व संग्रह करने के लिए पहुँच, उनका उपयोग और व्ययन का अधिकार रहा है;

(घ) यायावरी या चारागाही समुदायों की मत्स्य और जलाशयों के अन्य उत्पाद, चरागाह (स्थापित और घुमक्कड़ दोनों) के उपयोग या उन पर हकदारी और पारम्परिक मौसमी संसाधनों तक पहुँच के अन्य सामुदायिक अधिकार;

(ङ) वे अधिकार, जिनके अंतर्गत आदिम जनजाति समूहों और कृषि पूर्व समुदायों के लिए गृह और आवास की सामुदायिक भू-धृतियाँ भी हैं;

(च) किसी ऐसे राज्य में, जहाँ दावे विवादग्रस्त हैं, किसी नाम पद्धति के अधीन विवादित भूमि में या उस पर के अधिकार;

(छ) वन भूमि पर हक के लिए किसी स्थानीय प्राधिकरण या किसी राज्य सरकार द्वारा जारी पट्टों या धृतियों या अनुदानों के संपरिवर्तन के अधिकार;

(ज) वनों के सभी वन ग्रामों, पुराने आवासों, असर्वेक्षित ग्रामों और अन्य ग्रामों के बसने और संपरिवर्तन के अधिकार, चाहे वे राजस्व ग्रामों में लेखबद्ध हों, अधिसूचित हों अथवा नहीं;

(झ) ऐसे किसी सामुदायिक वन संसाधन का संरक्षण, पुनरुज्जीवित या संरक्षित या प्रबंध करने का अधिकार, जिसकी वे सतत् उपयोग के लिए परंपरागत रूप से संरक्षा और संरक्षण कर रहे हैं;

(ञ) ऐसे अधिकार, जिनको किसी राज्य की विधि या किसी स्वशासी जिला परिषद् या स्वशासी क्षेत्रीय परिषद् की विधियों के अधीन मान्यता दी गई है या जिन्हें किसी राज्य की सम्बन्धित जनजाति की किसी पारम्परिक या रूढ़िगत विधि के अधीन जनजातियों के अधिकारों के रूप में स्वीकार किया गया है;

(ट) जैव विविधता तक पहुँच का अधिकार और जैव विविधता तथा सांस्कृतिक विविधता से सम्बन्धित बौद्धिक सम्पदा और पारंपरिक ज्ञान का सामुदायिक अधिकार;

(ठ) कोई ऐसा अन्य पारंपरिक अधिकार जिसका, यथास्थिति, वन में निवास करने वाली उन अनुसूचित जनजातियों या अन्य परंपरागत वन निवासियों द्वारा रूढ़िगत रूप से उपभोग किया जा रहा है, जो खंड (क) से खंड (ट) में वर्णित हैं, किन्तु उनमें किसी प्रजाति के वन्य जीव का शिकार करने या उन्हें फंसाने या उनके शरीर का कोई भाग निकालने का परंपरागत अधिकार नहीं है;

(ड) यथावत पुनर्वास का अधिकार, जिसके अंतर्गत उन मामलों में आनुकल्पिक भूमि भी है जहाँ अनुसूचित जनजातियों और अन्य परम्परागत वन निवासियों को 13 दिसम्बर, 2005 के पूर्व किसी भी प्रकार की वनभूमि से पुनर्वास के उनके वैध हक प्राप्त किये बिना अवैध रूप से बेदखल या विस्थापित किया गया हो.

1980 का 69 (2) वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 में किसी बात के होते हुए भी, केन्द्रीय सरकार, सरकार द्वारा व्यवस्थित निम्नलिखित सुविधाओं के लिए वन भूमि के परिवर्तन का उपबंध करेगी जिसके अंतर्गत प्रति हेक्टेयर पचहत्तर से अनधिक पेड़ों का गिराया जाना भी है, अर्थात् :-

(क) विद्यालय;

(ख) औषधालय या अस्पताल;

(ग) आँगनबाड़ी;

(घ) उचित कीमत की दुकानें;

(ङ) विद्युत और दूरसंचार लाइनें;

(च) टंकियां और अन्य लघु जलाशय;

(छ) पेयजल की आपूर्ति और जल पाइपलाइनें;

(ज) जल या वर्षा जल संचयन संरचनाएँ;

(झ) लघु सिंचाई नहरें;

(ञ) अपारंपरिक ऊर्जा स्रोत;

(ट) कौशल उन्नयन या व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र;

(ठ) सड़कें; और

(ड) सामुदायिक केन्द्र;

परंतु वन भूमि के ऐसे परिवर्तन को तभी अनुज्ञात किया जायेगा, जब -

(i) इस उपधारा में वर्णित प्रयोजनों के लिए परिवर्तित की जाने वाली वनभूमि ऐसे प्रत्येक मामले में एक हेक्टेयर से कम है; और

(ii) ऐसी विकासशील परियोजनाओं की अनापत्ति इस शर्त के अधीन रहते हुए होगी कि उसकी सिफारिश ग्राम सभा द्वारा की गई हो.

अध्याय-3

2003 का 18

वन अधिकारों की मान्यता, उनका पुनः स्थापन और निहित होना तथा संबंधित विषय

वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और परम्परागत वन निवासियों के वन अधिकारों की मान्यता और उनका निहित होना.

4. (1) तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी और इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, केन्द्रीय सरकार, –

(क) ऐसे राज्यों या राज्यों के उन क्षेत्रों में वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों के, जहाँ उन्हें धारा 3 में उल्लिखित सभी वन अधिकारों की बाबत् अनुसूचित जनजातियों के रूप में घोषित किया गया है;

(ख) धारा 3 में उल्लिखित सभी वन अधिकारों की बाबत् अन्य परंपरागत वन निवासियों के वनाधिकारों को,

मान्यता प्रदान करती है और उनमें निहित करती है.

(2) राष्ट्रीय उद्यानों और अभ्यारण्यों के संकटग्रस्त वन्य जीव आवासों में इस अधिनियम के अधीन मान्यताप्राप्त वन अधिकारों को, पश्चात्वर्ती रूप में उपान्तरित या पुनः स्थापित किया जा सकेगा, परन्तु किसी भी वन अधिकार धारक को पुनःस्थापित नहीं किया जायेगा या किसी भी रीति में उनके अधिकारों पर वन जीव संरक्षण के लिए अनतिक्रांत क्षेत्रों के सृजन के प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित सभी शर्तों के पूरा करने की दशा में के सिवाय प्रभाव नहीं पड़ेगा, अर्थात् –

1972 का 53

(क) विचाराधीन सभी क्षेत्रों में धारा 6 में यथा विनिर्दिष्ट अधिकारों की मान्यता और निहित करने की प्रक्रिया पूरी हो;

(ख) राज्य सरकार के संबद्ध अभिकरणों द्वारा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अधीन अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह स्थापित किया गया है कि अधिकारों के धारकों की उपस्थिति के वन्य पशुओं पर क्रियाकलाप या प्रभाव अपरिवर्तनीय नुकसान करने के लिए पर्याप्त हैं और उक्त प्रजाति के अस्तित्व और उनके निवास के लिए खतरा है;

(ग) राज्य सरकार यह निष्कर्ष निकाल चुकी है कि सहअस्तित्व जैसे अन्य युक्तियुक्त विकल्प उपलब्ध नहीं हैं;

(घ) एक पुनर्व्यवस्थापन या अनुकल्पी पैकेज तैयार और संसूचित किया गया है जो प्रभावित व्यष्टियों और समुदायों के लिए सुनिश्चित जीविका का उपबंध करता है और ऐसे प्रभावित व्यष्टियों और समुदायों की केन्द्रीय सरकार की सुसंगत विधियों और नीति में दी गई अपेक्षाओं को पूरा करने की व्यवस्था करता है;

(ङ) प्रस्तावित पुनर्व्यवस्थापन और पैकेज के लिए संबद्ध क्षेत्रों में ग्राम सभाओं की स्वतंत्र सूचित सहमति लिखित में प्राप्त कर ली गई है;

(च) कोई पुनर्व्यवस्थापन तभी होगा जब पुनर्वास अवस्थान पर सुविधाएँ और भूमि आवंटन वायदा किये गये पैकेज के अनुसार पूरी की गई हो :

परंतु संकटग्रस्त वन्य जीव आवास, जिससे अधिकार धारकों को इस प्रकार वन्य जीव संरक्षण के प्रयोजनों के लिए पुनः स्थापित किया जाता है, पश्चात्वर्ती रूप से राज्य सरकार या केन्द्रीय सरकार या किसी एक के द्वारा किसी अन्य उपयोगों के लिए अध्यर्पित नहीं किया जायेगा.

(3) वन भूमि और उसके निवासियों की बाबत् किसी राज्य या संघ राज्यक्षेत्र के संबंध में वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परम्परागत वन निवासियों को, इस अधिनियम, के अधीन वन अधिकारों की मान्यता देना और उनका निहित किया जाना इस शर्त के अध्यधीन होगा कि ऐसी जनजातियों या जनजाति समुदायों या अन्य परम्परागत वन निवासियों ने 13 दिसम्बर, 2005 से पूर्व वन भूमि अधिभोग में ले ली थी.

(4) उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त कोई अधिकार वंशागत होगा किन्तु संक्रमणीय या अन्तरणीय नहीं होगा और विवाहित व्यक्तियों की दशा में पति-पत्नी दोनों के नाम में संयुक्त रूप से और यदि किसी घर का मुखिया एकल व्यक्ति है तो एकल मुखिया के नाम में रजिस्ट्रीकृत होगा तथा सीधे वारिस की अनुपस्थिति में वंशागत अधिकार अगले निकटतम संबंधी को चला जायेगा.

(5) जैसा अन्यथा उपबंधित है उसके सिवाय, किसी वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजाति या अन्य परम्परागत वन निवासियों का कोई सदस्य उसके अधिभोगाधीन वन भूमि से तब तक बेदखल नहीं किया जायेगा या हटाया नहीं जायेगा जब तक कि मान्यता और सत्यापन प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती है.

(6) जहाँ उपधारा (1) द्वारा मान्यताप्राप्त और निहित वन अधिकार धारा 3 की उपधारा (1) के खंड (क) में वर्णित भूमि के संबंध में हैं, वहाँ ऐसी भूमि इस अधिनियम के प्रारम्भ की तारीख को किसी व्यष्टि या कुटुम्ब या समुदाय के अधिभोगाधीन होगी और ऐसी भूमि वास्तविक अधिभोग के अधीन क्षेत्र तक निर्बन्धित होगी और किसी दशा में इसका क्षेत्र चार हेक्टेयर से अधिक का नहीं होगा.

(7) वन अधिकार, सभी विल्लंगमों और प्रक्रिया संबंधी अपेक्षाओं से मुक्त रूप में प्रदत्त किया जायेगा, जिसमें वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अधीन अनापत्ति इस अधिनियम में विनिर्दिष्ट के सिवाय वन भूमि में अपयोजन के लिए - "शुद्ध वर्तमान मूल्य" और प्रतिकरात्मक वन रोपण का संदाय करने की अपेक्षा सम्मिलित है. 1980 का 69

(8) इस अधिनियम के अधीन मान्यताप्राप्त और निहित वन अधिकारों में वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों के वन भूमि अधिकार सम्मिलित होंगे जो यह साबित कर सकते हैं कि वे राज्य विकास हस्तक्षेप के कारण भूमि प्रतिकर के बिना उनके निवास और खेती से विस्थापित किये गये थे और जहाँ भूमि का उपयोग उक्त अर्जन से पाँच वर्ष के भीतर उस प्रयोजन के लिए नहीं किया गया है, जिसके लिए वह अर्जित की गई थी.

वन अधिकारों के धारकों के कर्तव्य.

5. किसी वन्य अधिकार के धारक, उन क्षेत्रों में जहाँ इस अधिनियम के अधीन किन्हीं वन अधिकारों के धारक हैं, ग्राम सभा और ग्राम स्तर की संस्थाएँ निम्नलिखित के लिए सशक्त हैं, -

(क) वन्य जीव, वन और जैव विविधता का संरक्षण करना;

(ख) यह सुनिश्चित करना कि लगा हुआ जलग्रहण क्षेत्र, जलस्रोत और अन्य पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र पर्याप्त रूप से संरक्षित हैं;

(ग) यह सुनिश्चित करना कि वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परंपरागत वन निवासियों का निवास किसी प्रकार के विनाशकारी व्यवहारों से संरक्षित हैं जो उनकी सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को प्रभावित करती हैं;

(घ) यह सुनिश्चित करना कि सामुदायिक वन संसाधनों तक पहुँच को विनियमित करने और ऐसे किसी क्रियाकलाप को रोकने के लिए, जो वन्य जीव, वन और जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, ग्राम सभा में लिए गए विनिश्चयों का पालन किया जाता है.

अध्याय-4

वन अधिकारों को निहित करने के लिए प्राधिकारी और प्रक्रिया

वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य परम्परागत वन अधिकारों को निहित करने के लिए प्राधिकारी और उसकी प्रक्रिया.

6. (1) ग्राम सभा को, ऐसे किसी व्यष्टिक या सामुदायिक वन्य अधिकारों या दोनों की प्रकृति और सीमा को अवधारित करने के लिए प्रक्रिया आरंभ करने का अधिकार होगा जो इस अधिनियम के अधीन इसकी अधिकारिता की स्थानीय सीमाओं के भीतर वन में निवास करने वाली और सत्यापन तथा ऐसी रीति में, जो विहित की जाये, सिफारिश किये गये प्रत्येक दावे के क्षेत्र को अंकित करते हुए, मानचित्र तैयार करके दिये जा सकेंगे और तब ग्राम सभा उस आशय का संकल्प पारित करेगी तथा उसके पश्चात् उसकी एक प्रति उपखंड स्तर की समिति को अग्रेषित करेगी.

(2) ग्राम सभा के संकल्प से व्यथित कोई व्यक्ति उपधारा (3) के अधीन गठित उपखंड स्तर की समिति को कोई याचिका दे सकेगा और उपखंड स्तर की समिति ऐसी याचिका पर विचार करेगी और उसका निपटारा करेगी :-

परन्तु प्रत्येक ऐसी याचिका ग्राम सभा द्वारा संकल्प पारित करने की तारीख से साठ दिन के भीतर दी जायेगी :

2003 का 18

परन्तु यह और कि ऐसी याचिका का, व्यथित व्यक्तियों के विरुद्ध निपटारा तब तक नहीं किया जायेगा जब तक उन्हें अपने मामले को प्रस्तुत करने के लिए युक्तियुक्त अवसर नहीं दे दिया गया हो.

(3) राज्य सरकार, ग्राम सभा द्वारा पारित संकल्प की परीक्षा करने के लिए एक उपखंड स्तर की समिति का गठन करेगी और वन अधिकारों का अभिलेख तैयार करेगी तथा इसे उपखंड अधिकारी के माध्यम से अंतिम विनिश्चय के लिए जिला स्तर की समिति को अग्रेषित करेगी.

(4) उपखंड स्तर की समिति के विनिश्चय से व्यथित कोई व्यक्ति, उपखंड स्तर की समिति के विनिश्चय की तारीख से साठ दिन के भीतर जिला स्तर की समिति को कोई याचिका दे सकेगा और जिला स्तर की समिति ऐसी याचिका पर विचार करेगी और उसका निपटारा करेगी :

परन्तु ग्राम सभा के संकल्प के विरुद्ध कोई याचिका जिला स्तर की समिति के समक्ष सीधे तब तक नहीं दी जायेगी जब तक वह पहले उपखंड स्तर की समिति के समक्ष न दी गई हो और उसके द्वारा उस पर विचार न कर लिया गया हो :

परन्तु यह और कि याचिका का, व्यथित व्यक्तियों के विरुद्ध निपटारा तब तक नहीं किया जायेगा जब तक उन्हें अपने मामले को प्रस्तुत करने के लिए युक्तियुक्त अवसर नहीं दे दिया गया हो.

(5) राज्य सरकार, उपखंड स्तर की समिति द्वारा तैयार किये गये वन अधिकारों के अभिलेख पर विचार करने और उनका अंतिम रूप से अनुमोदन करने के लिए एक जिलास्तर की समिति का गठन करेगी.

(6) वन अधिकारों के अभिलेख पर जिला स्तर की समिति का विनिश्चय अंतिम और आबद्धकर होगा.

(7) राज्य सरकार, वन अधिकारों को मान्यता देने और उन्हें निहित करने की प्रक्रिया को मानीटर करने और ऐसी डिवरणियों और रिपोर्टों को, जो उस अभिकरण द्वारा मांगी जायें, नोडल अभिकरण को प्रस्तुत करने के लिए एक राज्य स्तर की मानीटरी समिति का गठन करेगी.

(8) उपखंड स्तर की समिति, जिला स्तर की समिति और राज्य स्तर की मानीटरी समिति में राज्य सरकार के राजस्व विभाग, वन विभाग और जनजातीय मामले विभाग के अधिकारी और समुचित स्तर पर पंचायतीराज संस्थाओं के तीन सदस्य होंगे, जिन्हें संबंधित पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा नियुक्त किया जायेगा, जिनमें से दो सदस्य अनुसूचित जनजातियों के होंगे और कम से कम एक महिला होगी, जैसा विहित किया जाये.

(9) उपखंड स्तर की समिति, जिला स्तर की समिति और राज्य स्तर की मानीटरी समिति की संरचना और कृत्य तथा उनके द्वारा अपने कृत्यों के निर्वहन में अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया वह होगी, जो विहित की जाए.

अध्याय-5
अपराध और शास्तियाँ

इस अधिनियम के अधीन प्राधिकरणों और समितियों के सदस्यों या अधिकारियों द्वारा अपराध.

7. जहाँ कोई प्राधिकरण या समिति या ऐसे प्राधिकरण या समिति का कोई अधिकारी या सदस्य इस अधिनियम या उसके अधीन वन अधिकारों की मान्यता से संबंधित बनाये गये किसी नियम के किन्हीं उपबंधों का उल्लंघन करेगा तो वह या वे इस अधिनियम के अधीन अपराध के दोष सिद्ध जायेंगे और अपने विरुद्ध कार्यवाही किये जाने और जुर्माने से, जो एक हजार रुपये तक का हो सकेगा, दंडित किये जाने के भागी होंगे :

परन्तु इस उपधारा की कोई भी बात इस धारा में निर्दिष्ट प्राधिकरण या समिति के किसी सदस्य या विभागाध्यक्ष या किसी व्यक्ति को दंड का भागी नहीं बनायेगी यदि वह यह साबित कर देता है कि अपराध उसकी जानकारी के बिना किया गया था या उसने ऐसे अपराध के किये जाने का निवारण करने के लिए सब सम्यक् तत्परता बरती थी.

अपराधों का संज्ञान

8. कोई भी न्यायालय इस अधिनियम की धारा 7 के अधीन किसी अपराध का तब तक संज्ञान नहीं लेगा जब तक कि कोई वन में निवास करने वाली अनुसूचित जनजाति, किसी ग्राम सभा के संकल्प से संबंधित किसी विवाद के मामले में या किसी उक्त प्राधिकारी के विरुद्ध किसी संकल्प के माध्यम से

ग्राम सभा, राज्य स्तर की मानीटरी समिति को साठ दिन से अन्यून की सूचना नहीं दे देती है और राज्य स्तर की मानीटरी समिति ने ऐसे प्राधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही न कर ली हो.

अध्याय-6

प्रकीर्ण

प्राधिकरण, आदि के सदस्यों का लोक सेवक होना.

9. अध्याय 4 में निर्दिष्ट प्राधिकरणों का प्रत्येक सदस्य और इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने वाला प्रत्येक अन्य अधिकारी भारतीय दंड संहिता की धारा 21 के अर्थान्तर्गत लोक सेवक समझे जायेंगे. 1860 का 45

सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई के लिए संरक्षण.

10. (1) इस अधिनियम के अधीन सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए कोई भी वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के किसी अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध नहीं होगी.

(2) इस अधिनियम के अधीन सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए आशयित किसी बात से हुए या हो सकने वाले किसी नुकसान के लिए कोई भी वाद या अन्य विधिक कार्यवाही केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या उसके किसी अधिकारी या अन्य कर्मचारी के विरुद्ध नहीं होगी.

(3) इस अधिनियम के अधीन सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए आशयित किसी बात के लिये कोई भी वाद या अन्य विधिक कार्यवाही अध्याय 4 में यथानिर्दिष्ट किसी प्राधिकरण, जिसके अंतर्गत उसका अध्यक्ष, उसके सदस्य, सदस्य सचिव, अधिकारी और अन्य कर्मचारी भी है, के विरुद्ध नहीं होगी.

नोडल अभिकरण

11. जनजनजाति मामलों से संबंधित भारत सरकार का मंत्रालय या केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अधिकारी या प्राधिकारी इस अधिनियम के उपबंधों के कार्यान्वयन के लिए नोडल अभिकरण होगा.

केन्द्रीय सरकार की निदेश जारी करने की शक्ति.

12. अध्याय 4 में निर्दिष्ट प्रत्येक प्राधिकारी इस अधिनियम द्वारा या उसके अधीन अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और अपनी शक्तियों का प्रयोग करने में, ऐसे साधारण या विशेष निदेशों के अध्यधीन होगा जो केन्द्रीय सरकार, समय-समय पर लिखित में दे.

अधिनियम का किसी अन्य विधि के अल्पीकरण में न होना

13. इस अधिनियम और पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 में अन्यथा उपबंधित के सिवाय इस अधिनियम के उपबंध तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के उपबंधों के अतिरिक्त होंगे, न कि उनके अल्पीकरण में. 1996 का 40

नियम बनाने की शक्ति.

14. (1) केन्द्रीय सरकार, इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए अधिसूचना द्वारा और पूर्व प्रकाशन की शर्त के अधीन रहते हुए नियम बना सकेगी.

(2) विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्तियों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसे नियम निम्नलिखित सभी या किन्हीं विषयों के लिए उपबंध कर सकेंगे, अर्थात्:

(क) धारा 6 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के कार्यान्वयन के लिए प्रक्रिया संबंधी ब्यौरे;

(ख) धारा 6 की उपधारा (1) के अधीन दावों को प्राप्त करने, उन्हें समेकित करने और उनका सत्यापन करने तथा वन अधिकारों के प्रयोग के लिए सिफारिश किये गये प्रत्येक दावे का क्षेत्र अंकित करते हुए मानचित्र तैयार करने की प्रक्रिया और उस धारा की उपधारा (2) के अधीन उपखंड समिति को याचिका देने की रीति;

(ग) धारा 6 की उपधारा (8) के अधीन उपखंड स्तर की समिति, जिला स्तर की समिति और राज्य स्तर की मानीटरी समिति के सदस्यों के रूप में नियुक्त किये जाने वाले राज्य सरकार के राजस्व विभाग, वन विभाग और जनजाति मामले विभाग के अधिकारियों का स्तर;

(घ) धारा 6 की उपधारा (9) के अधीन उपखंड स्तर की समिति, जिला स्तर की समिति और राज्य स्तर की मानीटरी समिति की संरचना और उसके कृत्य तथा उनके द्वारा अपने कृत्यों के निर्वहन में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया;

2003 का 18

(ङ) कोई अन्य विषय, जो विहित किया जाना अपेक्षित है या विहित किया जाए.

(3) इस अधिनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक नियम बनाये जाने के पश्चात् यथाशीघ्र, संसद् के प्रत्येक सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल तीस दिन की अवधि के लिए रखा जायेगा. यह अवधि एक सत्र में अथवा दो या अधिक आनुक्रमिक सत्रों में पूरी हो सकेगी यदि उस सत्र के या पूर्वोक्त आनुक्रमिक सत्रों के ठीक बाद के सत्र के अवसान के पूर्व दोनों सदन उस नियम में कोई परिवर्तन करने के लिए सहमत हो जायें तो वह नियम ऐसे परिवर्तित रूप में ही प्रभावी होगा. यदि उक्त अवसान के पूर्व दोनों सदन सहमत हो जायें कि वह नियम नहीं बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात् वह नियम, यथास्थिति, केवल ऐसे उपांतरित रूप में ही प्रभावी होगा या निष्प्रभाव हो जायेगा; तथापि, ऐसे किसी परिवर्तन या निष्प्रभाव होने से उस नियम के अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा.

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-(एन)04/0007/2006-08 REGISTERED NO. DL-(N)04/0007/2006-08

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
Extraordinary
भाग-II खण्ड-1
PART II-Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2) नई दिल्ली, मंगलवार, जनवरी 2, 2007 / पौष 12, 1928
No. 2) NEW DELHI, TUESDAY, JANUARY 2, 2007 / PAUSA 12, 1928

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

MINISTRY OF LAW AND JUSTICE

(Legislative Department)

New Delhi, the 2nd January, 2007/Pausa 12, 1928 (Saka)

The following Act of Parliament received the assent of the President on the 29th December, 2006, and is hereby published for general information :—

THE SCHEDULED TRIBES AND OTHER TRADITIONAL FOREST DWELLERS (RECOGNITION OF FOREST RIGHTS) ACT, 2006

No. 2 of 2007

(29th December, 2006)

An Act to recognise and vest the forest rights and occupation in forest land in forest dwelling Scheduled Tribes and other traditional forest dwellers who have been residing in such forests for generations but whose rights could not be recorded; to provide for a framework for recording the forest rights so vested and the nature of evidence required for such recognition and vesting in respect of forest land.

Whereas the recognised rights of the forest dwelling Scheduled Tribes and other traditional forest dwellers include the responsibilities and authority for sustainable use, conservation of biodiversity and maintenance of ecological balance and thereby strengthening the conservation regime of the forests while ensuring livelihood and food security of the forest dwelling Scheduled Tribes and other traditional forest dwellers;

And whereas the forest rights on ancestral lands and their habitat were not adequately recognised in the consolidation of State forests during the colonial period as well as in independent India resulting in historical injustice to the forest dwelling Scheduled Tribes and other traditional forest dwellers who are integral to the very survival and sustainability of the forest ecosystem;

And Whereas it has become necessary to address the long standing insecurity of tenurial and access rights of forest dwelling Scheduled Tribes and other traditional forest dwellers including those who were forced to relocate their dwelling due to State development interventions.

Be it enacted by Parliament in the Fifty-seventh Year of the Republic of Indian follows :—

CHAPTER-1

PRELIMINARY

Short title and commencement

1. (1) This Act may be called the Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006.

(2) It extends to the whole of India except the State of Jammu and Kashmir

(3) It shall come into force on such date as the Central Government may by notification in the Official Gazette, appoint.

Definitions

2. In this Act, unless the context otherwise requires —

(a) Community forest resource means customary common forest land within the traditional or customary boundaries of the village or seasonal use of landscape in the case of pastoral communities, including reserved forests, protected forests and protected areas such as Sanctuaries and National Parks to which the community had traditional access;

(b) 'Critical wildlife habitat' means such areas of National Parks and Sanctuaries where it has been specifically and clearly established, case by case, on the basis of scientific and objective criteria, that such areas are required to be kept as inviolate for the purposes of wildlife conservation as may be determined and notified by the Central Government in the Ministry of Environment and Forests after open process of consultation by an Expert Committee, which includes experts from the locality appointed by that Government wherein a representative of the Ministry of Tribal Affairs shall also be included, in determining such areas according to the procedural requirements arising from sub-sections (1) and (2) of section 4;

(c) 'Forest dwelling Scheduled Tribes' means the members or community of the Scheduled Tribes who primarily reside in and who depend on the forests or forest lands for bona fide livelihood needs and includes the Scheduled Tribe pastoralist communities;

(d) 'Forest land' means land of any description falling within any forest area and includes unclassified forests, undermarcated forests existing or deemed forests, protected forests, reserved forests, Sanctuaries and National Parks;

(e) 'Forests rights' means the forest rights referred to in section 3;

(f) 'Forest villages' means the settlements which have been established inside the forests by the forest department of any State Government for forestry operations or which were converted into forest villages through the forest reservation process and includes forest settlement villages, fixed demand holdings, all types of taungya settlements, by whatever name called, for such villages and includes lands for cultivation and other uses permitted by the Government;

(g) 'Gram Sabha' means a village assembly which shall consist of all adult members of a village and in case of States having no Panchayats, Padas, Tolas and other traditional villages institutions and elected village committees, with full and unrestricted participation of women;

(h) 'Habitat' includes the area comprising the customary habitat and such other habitats in reserved forests and protected forests of primitive tribal groups and pre-agricultural communities and other forest dwelling Scheduled Tribes;

(i) 'Minor forest Produce' includes all non-timber forest produce of plant origin including bamboo, brush wood, stumps, cane, tussar, cocoons, honey, wax, lac, tendu or kendu leaves, medicinal plants and herbs, roots, tubers and the like;

(j) Nodal agency' means the nodal agency specified in section 11;

(k) 'Notification' means a notification published in the Official Gazette;

(l) 'Prescribed' means prescribed by rules made under this Act;

(m) 'Scheduled Areas' means the Scheduled Areas referred to in clause (1) of article 244 of the Constitution;

(n) 'Sustainable use' shall have the same meaning as assigned to it in clause (o) of section 2 of the Biological Diversity Act, 2002;

18 of 2003

(o) 'other traditional forests dweller' means any member or community who has for at least three generations prior to the 13th day of December, 2005 primarily resided in and who depend on the forest or forests land for bona fide livelihood needs.

Explanation — For the purpose of this clause, 'generation' means a period comprising of twenty-five years;

(p) 'Village' means —

40 of 1996

(i) A village referred to in clause (b) of section 4 of the Provisions of the Panchayats (Extension to the Scheduled Areas) Act, 1996; or

(ii) Any area referred to as a village in any State law relating to Panchayats other than the Scheduled Areas; or

(iii) Forest villages, old habitation or settlements and unsurveyed villages, whether notified as village or not; or

(iv) In the case of States where there are no Panchayats, the traditional village, by whatever name called;

53 of 1972

(q) 'Wild animal' means any species of animal specified in Schedules I to IV of the Wild Life (Protection) Act, 1972 and found wild in nature.

CHAPTER-II

FOREST RIGHTS

Forest rights of Forest dwelling Scheduled Tribes and other traditional forest dwellers

3. (1) For the purpose of this Act, the followings rights, which secure individual or community tenure or both, shall be the forest rights of forest dwelling Scheduled Tribes and other traditional forest dwellers on all forest lands, namely :—

(a) Right to hold and live in the forest land under the individual or common occupation for habitation or for self-cultivation for livelihood by a member or members of a forest dwelling Scheduled Tribe or other traditional forest dwellers;

(b) Community rights such as nistar, by whatever name called, including those used in erstwhile Princely States, Zamindari or such intermediary regimes;

(c) Right of ownership, access to collect, use, and dispose of minor forest produce which has been traditionally collected within or outside village boundaries;

(d) Other community rights of uses of entitlements such as fish and other products of water bodies, grazing (both settled or transhumant) and traditional seasonal resource access of nomadic or pastoralist communities;

(e) Rights including community tenures of habitat and habitation for primitive tribal groups and pre-agricultural communities;

(f) rights in or over disputed lands under any nomenclature in any State where claims are disputed;

(g) rights for conversion of Pattas or leases or grants issued by any local authority or any State Government on forest lands to titles;

(h) Rights of settlement and conversion of all forest villages, old habitation, unsurveyed villages and other villages in forests, whether recorded, notified or not into revenue villages;

(i) right to protect, regenerate of conserve or manage any community forest resource which they have been traditionally protecting and conserving for sustainable use;

(j) Rights which are recognised under any State law or laws of any Autonomous District Council or Autonomous Regional Council or which are accepted as rights of tribals under any traditional or customary law of the concerned tribes of any State;

(k) Right of access to biodiversity and community right to intellectual property and traditional knowledge related to biodiversity and cultural diversity;

(l) Any other traditional right customarily enjoyed by the forest dwelling Scheduled Tribes or other traditional forest dwellers, as the case may be, which are not mentioned in clauses (a) to (k) but excluding the traditional right of hunting or trapping or extracting a part of the body of any species of wild animal;

(m) Right to in situ rehabilitation including alternative land in cases where the Scheduled Tribes and other traditional forest dwellers have been illegally evicted or displaced from forest land of any description without receiving their legal entitlement to rehabilitation prior to the 13th day of December, 2005; 69 of 1980

(2) Notwithstanding anything contained in the Forest (Conservation) Act, 1980, the Central Government shall provide for diversion of forest land for the following facilities managed by the Government which involve felling of trees not exceeding seventy-five trees per hectare, namely :—

(a) schools;

(b) dispensary or hospital;

(c) anganwadis;

(d) fair price shops;

(e) electric and telecommunication lines;

(f) tanks and other minor water bodies;

(g) drinking water supply and water pipelines;

(h) water or rain water harvesting structures;

(i) minor irrigation canals;

(j) non-conventional source of energy;

(k) skill upgradation or vocational training centres;

(l) roads; and

(m) community centres;

Provided that such diversion of forest land shall be allowed only if —

(i) The forest land to be diverted for the purposes mentioned in this sub-section is less than one hectare in each case; and

(ii) The clearance of such developmental projects shall be subject to the condition that the same is recommended by the Gram Sabha.

CHAPTER-III

RECOGNITION, RESTORATION AND VESTING OF FOREST RIGHTS AND RELATED MATTERS

Recognition of and vesting of forest rights in forest dwelling Scheduled Tribes and other Traditional forest dwellers

4. (1) Notwithstanding anything contained in any other law for the time being in force, and subject to the provisions of this Act, the Central Government hereby recognises and vests forest rights in —

(a) The forest dwelling Scheduled Tribes in States or areas in States where they are declared as Scheduled Tribes in respect of all forest rights mentioned in section 3;

(2) The forest rights recognised under this Act in critical wildlife habitats of National Parks and Sanctuaries may subsequently be modified or resettled, provided that no forest rights holders shall be resettled or have their rights in any manner affected for the purposes of creating inviolate areas for wildlife conservation except in case all the following conditions are satisfied, namely :—

(a) The process of recognition and vesting of rights as specified in section 6 is complete in all the areas under consideration;

53 of 1972

(ग) जिला स्तर की पंचायत के तीन सदस्य जिन्हें जिला पंचायत द्वारा नाम निर्देशित किया जाएगा, जिनमें से कम से कम दो अनुसूचित जनजातियों के होंगे जो अधिमानतः ऐसे सदस्य होंगे जो वन निवासी हैं या जो आदिम जनजातीय समूहों के हैं और जहाँ कोई अनुसूचित जनजातियाँ नहीं है वहाँ ऐसे दो सदस्य जो अधिमानतः अन्य परंपरागत वन निवासी हैं और एक महिला सदस्य होगी या संविधान की छठी अनुसूची के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में तीन सदस्य स्वशासी जिला परिषद द्वारा नाम निर्देशित किए जाएंगे जिनमें से कम से कम एक महिला सदस्य होगी (इनका मनोनयन संबंधित उपायुक्त द्वारा किया जायेगा) और

(घ) अनु. जाति एवं अनु. जनजाति कल्याण विभाग का जिले का जिला कल्याण पदाधिकारी या जहाँ ऐसा अधिकारी उपलब्ध नहीं है वहाँ जिला कल्याण पदाधिकारी के कार्य का भारसाधक अधिकारी।

4. **जिला स्तर की वन अधिकार समिति के कृत्य –** जिला स्तर की समिति –

(क) यह सुनिश्चित करेगी कि नियम 6 के खंड 'ख' के अधीन अपेक्षित जानकारी ग्राम–सभा या वन अधिकार समिति को उपलब्ध करा दी गई है,

(ख) इस बारे में परीक्षा करेगी कि क्या सभी दावों, विशेषकर आदिम जनजातीय समूहों, पशु चारकों और यायावर जनजातियों के सभी दावों का अधिनियम के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए समाधान कर दिया गया है,

(ग) अनुमंडल स्तर की वन अधिकार समिति द्वारा तैयार किए गए वन अधिकारों के दावों और अभिलेख पर विचार करेगी और अंतिम रूप से उनका अनुमोदन करेगी,

(घ) अनुमंडल स्तर की समिति के आदेशों से व्यथित व्यक्तियों से अर्जियों की सुनवाई करेगी,

(ङ) अतः जिला दावों के संबंध में अन्य जिलों के साथ समन्वय करेगी,

(च) सुसंगत सरकार अभिलेखों, जिनके अंतर्गत अधिकारों के अभिलेख भीहैं, में वन अधिकारों के समावेशन के लिए निदेश जारी करेगी,

(छ) जैसे ही अभिलेख को अंतिम रूप दे दिया जाए, वन अधिकारों के अभिलेख का प्रकाशन सुनिश्चित करेगी, और

(ज) यह सुनिश्चित करेगी कि अधिनियम के अधईन और इन नियमों के उपबंध 2 और 3 में यथा विनिर्दिष्ट वन अधिकारों और हक के अभिलेख की अधिप्रमाणित प्रति संबंद्ध दावेदार और संबंधित ग्राम सभा को दे दी गई है।

उपरोक्त समितियां अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) नियमावली 2007 के नियम से 11, 12, 13, 14 एवं 15 का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वाह करेंगे।

झारखण्ड के राज्यपाल के आदेश से,

(सु.के. संगमा)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक-3/विविध-63/2007 (खण्ड) 1491 रांची, दिनांक- 1806-08

प्रतिलिपि- अधीक्षक राजकीय मुद्रणालय, डोरंडा, रांची को झारखण्ड राजपत्र में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

(यू. के. संगमा)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक-3/विविध-63/2007 (खण्ड) 1491 रांची, दिनांक- 1806-08

प्रतिलिपि- मुख्य सचिव/विकास आयुक्त/ प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय/ सभी प्रधान सचिव एवं सचिव, सरकारके सभी विभाग/ सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/ उप सचिव राज्यपाल सचिवालय/ माननीय उप मुख्यमंत्री के आप्त सचिव/ सभी उपायुक्त/ आदिवासी क. आयुक्त, रांची/ सभी उप विकास आयुक्त/ सभी प्रमंडलीय उप निदेशक कल्याण/ सभी जिला कल्याण पदा./ सभी अनुमंडल पदा./ सभी अनुमंडल कल्याण पदा./ सभी प्रखण्ड विकास पदा. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(यू. के. संगमा)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक-3/विविध-63/2007 (खण्ड) 1491 रांची, दिनांक- 1806-08

प्रतिलिपि-निदेशक जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली- 110015 को सूचनार्थ प्रेषित

(यू. के. संगमा)
सरकार के प्रधान सचिव।

झारखण्ड मंत्रालय

कल्याण विभाग।

संकल्प

जनजातीय कार्यमंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचना अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिसूचना 2006 एवं नियमावली 2008 के कार्यान्वयन हेतु आदिवासी कल्याण आयुक्त, झारखण्ड, राँची को नोडल पदाधिकारी घोषित किया जाता है।

नोडल पदाधिकारी उपरोक्त उल्लिखित अधिनियम एवं नियमावली में प्राप्त प्रावधानों को लागू कराने का कार्य करेंगे।

12/6/08

(यू. के. संगमा)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक-3/विविध-63/2007-खण्ड-1487 राँची, दिनांक- 18.06.08

प्रतिलिपि-निदेशक जनजातीय कार्यमंत्रालय भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001 को सूचनार्थ प्रेषित।

12/6/08

(यू. के. संगमा)
सरकार के प्रधान सचिव।

ज्ञापांक-3/विविध-63/2007-खण्ड-1487 राँची, दिनांक- 18.06.08

प्रतिलिपि- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव, झारखण्ड, राँची/ माननीय मंत्री कल्याण के आप्त सचिव/ मुख्य सचिव झारखण्ड/ सचिव राजस्व विभाग/ प्रधान सचिव कल्याण के आप्त सचिव/ सचिव वन विभाग/ सचिव पंचायती राज/ प्रधान मुख्य वन संरक्षक/ श्री थोमस हाँसदा (स.वि.स.)/ श्री कोचे मुण्डा (स.वि.स.)/ श्री अमुल्या सरदार (स.वि.स.)/ आदिवासी कल्याण आयुक्त, राँची/ सभी उपायुक्त/ सभी प्रखण्ड के प्रभारी पदाधिकारी/ सभी जिला कल्याण पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/6/08

(यू. के. संगमा)
सरकार के प्रधान सचिव।

झारखण्ड सरकार

कल्याण विभाग।

सं.:3/विविध-63/2007 (खण्ड) 1856

प्रेषक,

बी. सी. निगम
विशेष सचिव,
कल्याण विभाग

सेवा में,

आदिवासी कल्याण आयुक्त सह
नोडल पदाधिकारी, झारखण्ड (वन अधिकार अधिनियम)
सभी उपायुक्त, झारखण्ड

रॉची/ दिनांक : 13.08.2008

विषय : अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्पागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 के कार्यान्वयन के संबंध में।

महाशय,

आप अवगत हैं कि उपरोक्त अधिनियम का कार्यान्वयन, राज्य में पंचायती राज चुनाव नहीं होने के कारण, लम्बित था। इस संबंध में भारत सरकार ने अधिनियम की धारा 12 में निहित शक्तियों का उपयोग करते हुए अपने पत्र सं. डी.ओ. नं. 17034/2/2007-PV&V (Vol-VII) (Pt) Dt. 9.7.2008 द्वारा यह निदेश दिया है कि पंचायती राज विभाग से विमर्श कर ग्राम सभाओं की बैठक आहूत की जाय। भारत सरकार द्वारा दिये गए निदेश के आलोक में दिनांक 11 अगस्त, 2008 को पंचायती राज विभाग से विमर्शोपरांत इस अधिनियम के कार्यान्वयन हेतु ग्राम सभाओं की बैठक आहूत करने के संबंध में निम्न निर्णय लिये गए।

1. झारखण्ड ग्राम सभा (गठन की प्रक्रिया एवं कामकाज का संचालन) नियमावली 2003 की धारा 5 (क) एवं 6 (क) के अंतर्गत निहित शक्तियों का उपयोग करते हुए संबंधित जिलाधिकारी अपने-अपने कार्य क्षेत्र में ग्राम सभाओं की बैठक जल्द से जल्द आहूत करवायें।

2. उपरोक्त अधिनियम एवं संबंधित नियमावली के प्रावधानों के अनुसार ग्रामसभाओं की बैठक आहूत कर ''वन अधिकार समिति'' का गठन नियमानुसार करवाकर अग्रेतर कार्रवाई की जाय।

3. कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार की अधिसूचना सं. 1491 दिनांक 18.6.08 द्वारा अधिसूचित प्रखण्ड स्तरीय समितियों एवं राज्य स्तरीय समितियों में गैर सरकारी सदस्यों का मनोनयन जिलाधिकारी द्वारा ग्राम सभाओं से विचार-विमर्श कर, किया जाय। इन समितियों में महिलाओं एवं आदिम जनजातियों की सहभागिता भी अधिनियम एवं नियमावली के प्रावधानों के अनुसार सुनिश्चित की जाय।

उपरोक्त अधिनियम एवं नियमावली की प्रति आपको पूर्व में ही उपलब्ध करा दी गयी है। इसकी प्रतियाँ वेबसाइटwww.tribal.nic.in पर भी उपलब्ध है। इस अधिनियम के कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न सूचनाओं का प्रेषण भारत सरकार के द्वारा निर्धारित समयावधि में इसी वेबसाईट पर उपलब्ध MIS के माध्यम से करना है। इस MIS के संचालन के संबंध में विस्तृत सूचनाएँ NIC के पास उपलब्ध हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि आप अधिनियम के कार्यान्वयन के संबंध में विभिन्न सूचनाएँ MIS के माध्यम से विभाग को एवं भारत सरकार को यथा समय उपलब्ध करायें। कृपया इसे आवश्यक समझें एवं इन निदेशों का अनुपालन यथा समय सुनिश्चित करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन प्रत्येक 15 दिनों में भेजना सुनिश्चित करें।

विश्वासभाजन

ह०/- 14/8/08

(बी. सी. निगम)
सरकार के विशेष सचिव

झारखण्ड सरकार
पंचायती राज, एन.आर.ई.पी. (विशेष प्रमंडल)
(पंचायत राज निदेशालय)

अधिसूचना

एस. ओ. संख्या - 981 राँची, दिनांक - 23.8.04

झारखण्ड पंचायत राज अधिनियम, 2001, की धारा 131 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार, झारखण्ड ग्राम सभा (गठन, बैठक की प्रक्रिया एवं कामकाज का संचालन) नियमावली, 2003 का प्रारूप उक्त धारा के उप धारा (1) में निहित प्रावधान के अनुसार पूर्व प्रकाशित किया जाता है।

अधिसूचना के शासकीय गजट में प्रकाशन के एक माह के अन्दर कोई भी व्यक्ति अथवा संगठन कोई आपत्ति/सुझाव, आयुक्त एवं सचिव, पंचायती राज, एन.आर.ई.पी. (विशेष प्रमंडल) झारखण्ड, राँची के कार्यालय में दे सकते हैं। प्राप्त कोई भी आपत्ति/ सुझाव पर राज्य सरकार द्वारा यथोचित विचार किया जायेगा।

झारखण्ड ग्राम सभा (गठन, बैठक की प्रक्रिया एवं कामकाज का संचालन) नियमावली, 2003

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ -**
   (i) यह नियमावली "झारखण्ड ग्राम सभा (गठन, बैठक की प्रक्रिया एवं कामकाज संचालन) नियमावली, 2003" कहलायेगी।
   (ii) यह सरकार द्वारा अधिसूचना जारी होने की तिथि से प्रवृत्त होगी।

2. **परिभाषाएँ -**
   इस नियमावली में, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो -
   (क) "अधिनियम" से अभिप्रेत है, झारखण्ड पंचायत राज अधिनियम, 2003;
   (ख) "बैठक" से अभिप्रेत है, ग्राम सभा की बैठक;
   (ग) "धारा" से अभिप्रेत है, अधिनियम की धारा;
   (घ) "सचिव" से अभिप्रेत है, ग्राम पंचायत का सचिव;
   (ङ) इस नियमावली में प्रयुक्त किन्तु अपरिभाषित अन्य सभी शब्दों और पदों के वही अर्थ होंगे जो उनके लिए अधिनियम में दिये गये हैं।

3. अधिनियम की धारा 3 (iii) के प्रावधानानुसार साधारणतया प्रत्येक राजस्व ग्राम के लिये एक ग्राम सभा गठित की जायेगी अर्थात ग्राम पंचायत क्षेत्र के भीतर समाविष्ट प्रत्येक राजस्व ग्राम के लिये एक ग्राम सभा होगी, परन्तु अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम पंचायत के भीतर एक से अधिक ग्राम सभाओं का गठन नियम 4 में विहित प्रक्रिया के अनुसार किया जा सकेगा।

4. **एक राजस्व ग्राम में एक से अधिक ग्राम सभाओं के गठन की प्रक्रिया -**
   (i) निम्नलिखित क्षेत्र के लिए पृथक ग्राम सभा का गठन किया जा सकेगा-
      (क) आवास या आवासों के समूह के लिए
      (ख) छोटे गाँव या गाँवों/ टोलों का समूह
      जिसमें समाविष्ट समुदाय परम्पराओं और रुढ़ियों के अनुसार अपने कार्यकलापों का प्रबन्ध करता हो।

   (ii) ग्राम सभा क्षेत्र के निवासी मतदाता जो अलग ग्राम सभा के गठन की इच्छा रखते हों, ग्राम सभा के गठन के संबंध में जिला गजट में अधिसूचना के एक माह के अन्दर संकल्प पारित कर विहित प्रपत्र- 1 में आवेदन प्रस्तुत कर जिला दण्डाधिकारी/ उपायुक्त से उपनियम 4 (i) के खण्ड (क) या खण्ड (ख) में समाविष्ट क्षेत्र के लिए पृथक ग्राम सभा के गठन की प्रार्थना कर सकेंगे। एक माह के बाद प्राप्त आवेदन पर जिला दण्डाधिकारी/उपायुक्त आमतौर पर विचार नहीं करेंगे। जब तक आवेदन पत्र के साथ विलम्ब का कारण न दर्शाया गया हो और दर्शाये गये कारण को जिला दण्डाधिकारी/ उपायुक्त संतोषजनक पाते हैं।

   (iii) (क) उपनियम 4 (ii) में विनिर्दिष्ट उल्लेखित प्रस्ताव या आवेदन प्राप्त होने पर जिला दण्डाधिकारी/उपायुक्त उपनियम 4 (i) के खण्ड (क) या खण्ड (ख) में वर्णित क्षेत्र के लिए पृथक ग्राम सभा गठन के आशय से एक सार्वजनिक सूचना प्रपत्र 2 में जारी करेगा।

   (ख) प्रत्येक ऐसी सूचना में प्रस्तावित नये ग्राम सभा में समाविष्ट होने वाले क्षेत्र तथा वर्तमान ग्राम सभा से अपवर्जित होकर शेष रह जाने वाले क्षेत्र तथा उसकी जनसंख्या का विवरण होगा।

   (ग) ऐसी प्रत्येक सूचना में उसमें विनिर्दिष्ट तारीख तक आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये जायेंगे और किसी व्यक्ति से विनिर्दिष्ट पूर्व प्राप्त आपत्ति या सुझाव पर जिला दण्डाधिकारी/ उपायुक्त द्वारा विचार किया जायेगा।

(घ) ऐसी प्रत्येक सूचना जिला दण्डाधिकारी/ उपायुक्त के कार्यालय संबंधित ग्राम पंचायत तथा पंचायत समिति के सूचना पटल पर और ऐसे आशय से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में सहज दृश्य स्थान पर चिपकवाकर तथा ढोल पीट कर प्रकाशित की जायेगी।

(ङ) जिला दण्डाधिकारी उपर्युक्त खण्ड (ग) में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार प्रस्तुत ऐसी आपत्तियों या सुझावों, यदि कोई हो, तथा प्रस्तावित नये ग्राम सभा में सम्मिलित होने वाले क्षेत्र में रहने वाले समुदाय तथा उनकी रुढ़ियों एवं परम्पराओं आदि पर विचार कर नई ग्राम सभा के गठन पर निर्णय लेगा।

(च) नई ग्राम सभा के गठन के निर्णय लेने के उपरांत पूर्व के शेष ग्राम सभा क्षेत्र को भी ग्राम सभा के रुप में विनिर्दिष्ट माना जायेगा।

(iv) (क) जिला दण्डाधिकारी/उपायुक्त पृथक ग्राम सभा के गठन की अधिसूचना प्रपत्र 3 में जारी करेगा जिसमें उस ग्राम सभा में आने वाले ग्राम/ग्रामों के नाम तथा उनका विवरण होगा। पुर्नगठित ग्राम सभाएँ आगामी माह की प्रथम तारीख से अस्तित्व में आयेंगी।

(ख) ऐसी अधिसूचना का प्रकाशन नियम 4 के उपनियम (iii) के खण्ड (घ) में विहित रीति में किया जायेगा और उसकी एक प्रति जिला दण्डाधिकारी/उपायुक्त, जिला परिषद, पंचायत समिति तथा संबंधित ग्राम पंचायत को भेजी जायेगी।

5. **ग्राम सभा की बैठक –**

(क) ग्राम सभा की बैठक कम से कम तीन माह में एक बार होगी, परन्तु ग्राम सभा के सदस्यों की कुल संख्या के एक तिहाई से अधिक सदस्यों द्वारा लिखित में अपेक्षा किए जाने पर या पंचायत समिति, जिला परिषद या जिला दण्डाधिकारी/उपायुक्त द्वारा अपेक्षित किये जाने पर, ग्राम सभा की बैठक ऐसी अपेक्षा के तीस दिनों के भीतरबुलाई जा सकेगी;

(ख) ग्राम सभा के किसी बैठक के लिए ग्राम सभा के कुल सदस्यों की बैध संख्या के 1/10 (एक दशांस) सदस्यों की बैठक में उपस्थिति से कोरम पूर्ण पूरा हुआ मान लिया जायेगा। किन्तु कोरम के दशांश में से महिलाओं की उपस्थिति एक तिहाई से कम नहीं होनी चाहिए;

परन्तु अनुसूचित क्षेत्र में ग्राम सभा के कुल सदस्यों की संख्या के एक तिहाई सदस्यों की संख्या कोरम के लिए अनिवार्य है, किन्तु इन एक तिहाई सदस्यों की संख्या में भी एक तिहाई महिला सदस्यो की उपस्थिति अनिवार्य होगी। यदि 1/3 (एक तिहाई) के गणित में एक का अंश सदस्य संख्या आती है तो उसे पूरा सदस्य गणना में लिया जायेगा। उदाहरणस्वरुप यदि बैठक में सदस्यों की कुल संख्या 91 है तो एक तिहाई सदस्य से कम नहीं की पूर्ति करने के लिए 30.3 अर्थात पूर्ण संख्या 30 सदस्य एक तिहाई से कम होंगे, इसलिए 31 सदस्यों की उपस्थिति कोरम के लिए आवश्यक है तथा, इन 31 सदस्यों में से एक तिहाई महिला सदस्य की अर्थात 11 महिला सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है।

(ग) ग्राम सभा के बैठक की अध्यक्षता संबंधित ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा किया जायेगा। मुखिया की अनुपस्थिति में उप-मुखिया बैठक की अध्यक्षता करेगा। यदि दोनों ही अनुपस्थित हो तो बैठक की अध्यक्षता के लिए उपस्थित सदस्यों के बहुमत से निर्वाचित सदस्य ग्राम सभा की बैठक की अध्यक्षता करेगा,

परन्तु अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा के बैठक की अध्यक्षता, उस ग्राम सभा के अनुसूचित जनजातियों के ऐसे सदस्य द्वारा की जायेगी, जो संबंधित पंचायत का मुखिया, उपमुखिया या प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र के सदस्य नहीं हो, और उस ग्राम सभा क्षेत्र में परम्परा से प्रचलित रीति-रिवाज के अनुसार मान्यता प्राप्त व्यक्ति हो जो ग्राम प्रधान जैसे मांझी, मुण्डा, पाहन, महतो या किसी अन्य नाम से जाना जाता हो या उनके द्वारा मनोनीत/समर्थित व्यक्ति हो।

परन्तु यह और कि जिस ग्राम सभा क्षेत्र में परम्परा से प्रचलित रीति-रिवाज के अनुसार मान्यता प्राप्त व्यक्ति, जो ग्राम प्रधान यथा मांझी, मुण्डा, पाहन, महतो या अन्य नाम से जाना जाता हो गैर अनुसूचित जनजाति का सदस्य हो तो अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा के बैठक की अध्यक्षता उनके द्वारा अथवा यदि उक्त क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति के अन्य सदस्य हों तो ग्राम प्रधान द्वारा प्रस्तावित अथवा बैठक में उपस्थित सदस्यों की की बहुमत से मनोनीत/समर्थित ऐसे व्यक्ति और यदि अनुसूचित जनजाति के सदस्य न हो तो ऐसे प्रस्तावित अथवा मनोनीत/समर्थित गैर अनुसूचित जनजाति के व्यक्ति द्वारा की जायेगी।

(घ) यदि बैठक हेतु निर्धारित किए गये समय पर कोरम के लिए आवश्यक संख्या में सदस्य उपस्थित नहीं हैं, तो बैठक की अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति बैठक को ऐसी आगामी तिथि एवं समय के लिए स्थगित कर देगा, जैसा कि वह निश्चित करे तथा स्थगित बैठक की एक नई सूचना नियम 7 के अनुसार देगा और ऐसे स्थगित बैठक के लिए कोरम आवश्यक नहीं होगी, परन्तु ऐसी बैठक में किसी नये विषय पर विचार नहीं किया जायेगा।

(ङ) अधिसूचित क्षेत्र की ग्राम सभा की अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति जो या तो परम्परागत ग्राम प्रधान हो या उसके द्वारा प्रस्तावित स्थायी अध्यक्ष हो को संबंधित पंचायत समिति के सचिव द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी/कर्मचारी, ग्राम सभा की प्रथम बैठक के पूर्व शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञा करायेगा। शपथग्रहण/प्रतिज्ञा संलग्न प्रपत्र 7 में कराया जायेगा। शपथग्रहण/प्रतिज्ञा करने वाले ग्राम सभा के अध्यक्षों की सूची संबंधित प्रखण्ड विकास कार्यालय में संधारित की जायेगी।

6. बैठक की तारीख समय तथा स्थान–

(क) ग्राम सभा के बैठक की तारीख, समय तथा स्थान मुखिया द्वारा नियत किया जायेगा, मुखिया की अनुपस्थिति में उप–मुखिया द्वारा तथा मुखिया तथा उप–मुखिया दोनों की अनुपस्थिति में पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा या उनके द्वारा प्राधिकृत पंचायत समिति के सहायक सचिव द्वारा नियत किया जायेगा।

(ख) ग्राम पंचायत का मुखिया अधिनियम के अधीन नियमित समय के अन्तरालों पर बैठक बुलवाये जाने के लिए जिम्मेवार होगा। इस जिम्मेवारी को निर्वहन करने के लिए उसे सतर्क और सावधान रहना चाहिए।

(ग) यदि मुखिया अधिनियम के अधीन विनिर्दिष्ट समय अंतरालों पर बैठक बुलवाने में असफल रहता है तो संबंधित पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी की अनुशंसा पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा मुखिया को अयोग्य करार करते हुए उसे पद से हटा दिया जायेगा, परन्तु मुखिया को अयोग्य करार करने के पूर्व संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्राहित करने के आधार सहित कारण पृच्छा का युक्तियुक्त अवसर देना होगा तथा लापरवाही या उपेक्षा जिसमें कुछ संदोष या आपराधिक त्रुटि उत्पन्न हो, वह देना होगा।

7. बैठक की सूचना देने की रीति–

(क) ग्राम सभा की प्रत्येक बैठक की सूचना जिसमें तारीख, समय तथा स्थान और व्यवहार किए जाने वाले कारबार को विनिर्दिष्ट करते हुए बैठक की तारीख से कम से कम सात दिन पूर्व इस नियमावली से संलग्न प्रपत्र–4 में दी जायेगी, परन्तु आपातकालीन स्थिति में ग्राम सभा की बैठक पूरे तीन दिन की पूर्व सूचना देकर भी बुलायी जा सकेगी।

(ख) बैठक की ऐसी सूचना संबंधित ग्राम पंचायत के प्रत्येक ग्रामों में सहजदृश्य/ सार्वजनिक स्थानों पर और ग्राम पंचायत के कार्यालय पर इसकी एक प्रति को चिपकाया जायेगा और ग्राम पंचायत क्षेत्र में डुगडुगी या ढोल पिटवाकर घोषणा करते हुए प्रकाशित की जायेगी।

8. ग्राम सभा के समक्ष रखे गये अभिलेखों का निरीक्षण–

ग्राम सभा के प्रत्येक सदस्य को ग्राम सभा के समक्ष रखे जाने वाले अभिलेखों का ग्राम पंचायत के कार्यालय में कार्यावधि केदौरान निरीक्षण करने का अधिकार होगा।

9. बैठक के अध्यक्ष के कर्त्तव्य एवं शक्तियाँ–

(क) यदि संबंधित ग्राम पंचायत का सचिव ग्राम सभा की बैठक के अध्यक्ष के आदेशों का जो अधिनियम के अधीन दायित्वों के निर्वहन या क्रियान्वयन करने के क्रम में पंचायत के सचिव के कृत्यों में आते हैं, उन्हें वह पालन नहीं करना है तो अध्यक्ष द्वारा संबंधित पंचायत समिति के कार्यपालक पदाधिकारी से उस पर नियंत्रण करने की अपेक्षा की जा सकती है।

(ख) यदि राज्य सरकार अपने विवेक पर पंचायत के कार्यकलापों की जांच करती है, तब जाँचकर्ता प्राधिकारी के समक्ष लिखित में अध्यक्ष, समस्याओं का समाधान चाहने हेतु निवेदन कर सकता है और बता सकता है कि उसे अपने कर्त्तव्यों के पालन में अमूक बाधाएँ हैं, जिनसे अधिनियम के उद्देश्यों के अनुकूल कार्य होने में समस्या आ रही है।

(ग) अधिनियम के अधीन राज्य सरकार या विहित प्राधिकारी ऐसे संकर्मों के निष्पादन किये जाने का निर्देश दे सकेगा, जिसे पंचायत द्वारा नहीं किया जा रहा है तथा जिसका किया जाना लोकहित में आवश्यक है। अधिनियम के अधीन पंचायतों के कार्य का निरीक्षण होने के समय लिखित में अध्यक्ष द्वारा निरीक्षण कर्ता प्राधिकारी को ग्राम सभा संबंधी कठिनाईयाँ प्रस्तुत कर सकता है।

(घ) बैठक में यदि कोई सदस्य अभद्रता से पेश आता है, आपत्तिजनक या संतापकारी शब्दों का प्रयोग करता है और उन्हें वापस लेने या क्षमा मांगने से इंकार करता है या बैठक के शांतिपूर्ण तथा व्यवस्थित संचालन में जान बूझकर गड़बड़ी पैदा करताहै, या अध्यक्ष के किसी आदेश का पालन करने से इंकार करता है या अध्यक्ष द्वारा स्थान ग्रहण के लिए आदेशित किये जाने पर भी अपना स्थान ग्रहण नहीं करता है तो वह सदस्य व्यवस्था भंग करने का दोषी होगा तथा अध्यक्ष द्वारा ऐसी किसी भी सदस्य को बैठक से तुरंत निकल जाने का निदेश दे सकेगा और इस प्रकार निकल जाने के लिए आदेशित किया गया कोई सदस्य तुरंत ऐसा करेगा और उस दिन की बैठक की शेष अवधि के दौरान अनुपस्थित रहेगा।

(ङ) अध्यक्ष बैठक में गंभीर अव्यवस्था उत्पन्न होने की दशा में उसके द्वारा विनिश्चित तथा घोषित किए जाने वाले समय तक के लिए किसी बैठक को स्थगित कर सकेगा।

10. बहुमत द्वारा विनिश्चय–

(क) ग्राम सभा की बैठक में लाए गये समस्त विषय उपस्थित सदस्यों की बहुमत से विनिश्चत किए जाएंगे और मतदान हाथ उठाकर किया जायेगा। मतों की समानता की दशा में बैठक के अध्यक्ष को द्वितीयक या निर्णायक मत देने का अधिकार होगा।

(ख) यदि ऐसा कोई विवाद उत्पन्न होता है जिससे कोई व्यक्ति मतदान का हकदार है या नहीं तो ग्राम सभा क्षेत्र के मतदाताओं की सूची में प्रविष्टि को ध्यान में रखते हुए, अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति द्वारा उसका विनिश्चय किया जाएगा और उसका विनिश्चय अंतिम होगा।

11. ग्राम सभा की बैठक का संचालन–

(क) ग्राम सभा की बैठक का संचालन उसकी अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति द्वारा किया जायेगा, जो अध्यक्ष के नाम से संबोधित किया जायेगा।

(ख) अध्यक्ष द्वारा ग्राम सभा की राय से ग्राम सभा के समक्ष विचारार्थ लिये जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की प्रक्रिया विनिश्चित किया जायेगा।

(ग) बैठक में लिए गये निर्णयों को संक्षिप्त जानकारी के लिए पढ़कर सुनाया जायेगा। संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा उसी के अनुसार विनिश्चयों को कार्यवाही पंजी में अभिलिखित करेगा।

12. उपस्थिति पंजी–

ग्राम सभा के बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्यों के नाम प्रपत्र 5 में रखे गये उपस्थिति पंजी में दर्ज किये जायेंगे।

13. कार्यवाही अभिलेख–

(क) ग्राम सभा के प्रत्येक बैठक की, कार्यवाहियों के अभिलेख तथा विनिश्चय तथा उसमें उपस्थित सदस्यों की संख्या कार्यवाही पंजी में ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा इस नियमावली के साथ संलग्न प्रपत्र 6 में प्रविष्टि किया जायेगा और उसी बैठक में अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति द्वारा उसकी पुष्टि की जायेगी।

(ख) कार्यवाही हिन्दी में देवनागरी लिपि में लिखी जायेगी।

(ग) ग्राम सभा की कार्यवाही की प्रति सचिव द्वारा ग्राम पंचायत को प्रस्तुत की जायेगी।

(घ) ग्राम सभा की सिफारिशों को ग्राम पंचायत कार्यान्वित करेगी अथवा करायेगी।

14. ग्राम कोष –

(क) ग्राम सभा की निधि में शामिल कोष में ग्राम को प्राप्त होने वाले दान, प्रोत्साहन राशि एवं अन्य आय सम्मिलित किये जायेंगे,

(ख) ग्राम कोष का संचालन संबंधित ग्राम सभा द्वारा बहुमत से मनोनीत एक ग्राम सभा कोषाध्यक्ष के द्वारा किया जायेगा। ग्राम सभा के कोषाध्यक्ष की यह जिम्मेवारी होगी कि वे ग्राम सभा की निधि को सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा–निर्देशों के अधीन ग्राम सभा के क्षेत्र या सबसे नजदीक के राष्ट्रीयकृत बैंक की बचत खाता में रखेंगे। यह बचत खाता संबंधित ग्राम सभा के नाम से होगा।

(ग) ग्राम कोष में जमा धन का लेखा एक रजिस्टर में रखा जायेगा तथा उक्त रजिस्टर में ग्राम सभा के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं संबंधित ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव का हस्ताक्षर होगा। उक्त रजिस्टर संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव की अभिरक्षा में रखा जायेगा।

(घ) ग्राम कोष के खाते का संचालन संबंधित ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम सभा कोषाध्यक्ष के हस्ताक्षर से किया जायेगा।

(ङ) ग्राम कोष में जमा धन का उपयोग राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में अधिनियम की धारा 10 में वर्णित कृत्यों के लिए किया जायेगा।

(च) ग्राम सभा कोषाध्यक्ष का कार्यकाल मनोनयन की तिथि से एक वर्ष का होगा, परन्तु इस बीच मृत्यु त्यागपत्र या अनर्हता या उसके कार्यकाल के समाप्ति के पूर्व कार्य करने में असमर्थ होने की दशा में आकस्मिक रिक्ति होने पर उप नियम– (ख) के अनुसार कोषाध्यक्ष का मनोनयन किया जायेगा।

(छ) ग्राम सभा के साधन के विभिन्न स्रोतों एवं इसके बहिर्गमन तथा भारत के नियंत्रक महालेखा नियंत्रक के विहित प्रपत्र में अंकेक्षण क्रिया के तहत लेखा का संधारण किया जायेगा।

15. ग्राम सभा के स्थायी समिति की गठन एवं बैठक की प्रक्रिया –

(क) ग्राम सभा, अधिनियम द्वारा दिये गये कृत्यों एवं कर्तव्यों के निर्वहन एवं सुविधा के दृष्टिकोण से अपने सदस्यों में से अधिनियम में वर्णित स्थायी समितियों का गठन कर सकेगी।

(ख) ग्राम सभा की प्रत्येक स्थायी समिति में चार सदस्य होंगे जो इस प्रयोजन केलिए आम सभा द्वारा विशेषतः बुलाये गये बैठक में सदस्यों द्वारा अपने बीच में से बहुमत द्वारा मनोनीत किए जायेंगे। इन चार सदस्यों में से एक को अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया जायगा।

(ग) ग्राम सभा की प्रत्येक स्थायी समिति के सदस्यों का कार्यकाल बैठक में मनोनीत होने की तिथि से एक वर्ष के लिए होगी, परन्तु पुनर्निर्वाचन का पात्र होगा।

(घ) ग्राम सभा के स्थायी समितियों के सदस्यता के लिए कोई आरक्षण नहीं होगा।

(ङ) ग्राम सभा की किसी स्थायी समिति के सदस्यों में से किसी सदस्य की मृत्यु, त्यागपत्र या अनर्हता या उसके कार्यकाल के समाप्ति के पूर्व कार्य

करने में असमर्थ होने की दशा में, ऐसे पद में आकस्मिक रिक्ति हो गई समझी जायेगी और ऐसी रिक्ति को उप नियम (ख) में वर्णित रीति में यथाशक्य शीघ्रता से भरी जायेगी।

(घ) ग्राम सभा के प्रत्येक स्थायी समिति का एक सचिव होगा जो उस ग्राम सभा की अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति द्वारा मनोनीत किया जायेगा, परन्तु ऐसा मनोनीत सदस्य ग्राम सभा के सदस्यों के बीच का ही होगा, तथा उसका कार्यकाल उसकी सदस्यता की अवधि तक रहेगा।

(छ) साधारणतः कामकाज के संचालन के लिए प्रत्येक स्थायी समिति की बैठक ग्राम सभा क्षेत्र के अन्दर जो ग्राम सभा की अध्यक्षता करनेवाली व्यक्ति द्वारा निर्धारित होगी, स्थान पर माह में कम से कम एक बार ऐसी तारीख एवं समय पर होगी जैसा कि ग्राम सभा के अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति द्वारा निर्धारित किया जाय।

(ज) बैठक की सूचना बैठक की तारीख से पूरे तीन दिन पूर्व उसकी तारीख, समय तथा स्थान और उसमें किए जाने वाले कामकाज दर्शाते हुए समिति के प्रत्येक सदस्य को दी जायेगी और ग्राम सभा के क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित की जाएगी।

(झ) इस प्रकार के बैठक की तारीख नियत करते समय इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि अन्य स्थायी समितियों के बैठक की तारीखों से टकराव न हो।

(ट) स्थायी समिति की बैठक के लिए गणपूर्ति (कोरम) तत्समय गठित स्थायी समिति के आधे सदस्यों से होगी। यदि किसी बैठक में गणपूर्ति न हो तो समिति के सभापति बैठक को ऐसी तारीख तथा समय के लिए स्थगित कर सकेगा जो उसके द्वारा नियत किया जाय तथा इस प्रकार नियत किए गए बैठक की सूचना ग्राम सभा के सार्वजनिक स्थानों पर चिपकाई जायेगी तथा इस प्रकार स्थगित किए गये बैठक के लिए कोई गणपूर्ति आवश्यक न होगी तथा ऐसे बैठक में कोई नया विषय विचारार्थ नहीं लाया जायेगा।

(ठ) स्थायी समिति के किसी बैठक के समक्ष लाए गए समस्त प्रश्नों का विनिश्चय उपस्थित तथा मत देने वाले सदस्यों के बहुमत द्वारा किया जायेगा। मतों के बराबर होने की दशा में बैठक के सभापति का निर्णायक मत होगा।

(ड) स्थायी समिति मुख्यतया केवल उनको सौंपे गये मामलों के संबंध में ही विनिश्चय करेगी। यदि मामले में विशेष पहलू अंतर्ग्रस्त है तो वह उस मामले को अपनी सिफारिश के साथ आगे और विचारार्थ ग्राम सभा को निर्दिष्ट करेगी। यहाँ कोई मामला एक से अधिक स्थायी समिति से संबंधित हो, वहाँ वह विनिश्चय के लिए ग्राम सभा के समक्ष रखा जायेगा।

(ढ) स्थायी समितियों में से प्रत्येक स्थायी समिति के बैठक की कार्यवाहियाँ, इस प्रयोजन के लिए रखी गई कार्यवृत पुस्तक में अभिलिखित की जाएँगी। बैठक का सभापति, बैठक की समाप्ति होने के पश्चात यथा संभव शीघ्र कार्यवृत पुस्तक पर हस्ताक्षर करेगा। कार्यवृत पुस्तिका स्थायी समिति के समक्ष विचारण के लिए उसके अगले बैठक में रखी जायेगी जब तक कि इस बीच ग्राम सभा के बैठक में उसकी पुष्टि न कर दी जाय।

(ण) स्थायी समिति की कार्यवाहियाँ स्थायी समिति के बैठक के पश्चात किए गए अगले बैठक में ग्राम सभा के समक्ष रखी जाएँगी। ग्राम सभा ऐसे बैठक में स्थायी समिति के विनिश्चय की पुष्टि कर सकेगी या ऐसा निदेश दे सकेगी जैसा कि वह आवश्यक समझे।

16. कठिनाईयों को दूर करना–

यदि इस नियमावली के नियमों को प्रभावी करने में कोई कठिनाई उत्पन्न हो तो राज्य सरकार अवसर के अपेक्षानुसार शासकीय गजट में प्रकाशित आदेश द्वारा ऐसा कुछ भी कर सकेगी, जो कठिनाई दूर करने में उसे आवश्यक प्रतीत हो।

संचिका संख्या-3प/नि2-108/2003
झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से

सरकार के सचिव
पंचायती राज, एन.आर.ई.पी. (विशेष प्रमंडल) विभाग
झारखण्ड राँची।

ज्ञापांक–3प/नि 2–108/2003–981/प्रा.पं., राँची, दिनांक–23.8.04

प्रतिलिपि– अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, डोरण्डा, राँची को झारखण्ड गजट के अगले असाधारण अंक में प्रकाशनार्थ अग्रसारित।

2. अनुरोध है कि अधिसूचना की दो सौ प्रतियाँ अविलम्ब पंचायत राज निदेशालय को उपलब्ध कराने की कृपा करें।

सरकार के सचिव
पंचायती राज, एन.आर.ई.पी. (विशेष प्रभंडल) विभाग
झारखण्ड राँची।

ज्ञापांक–3प/नि 2–108/2003–981/प्रा.पं., राँची, दिनांक–23.8.04

प्रतिलिपि :– सभी उपायुक्त/ जिला पंचायत राज पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अविलम्ब आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

2. अनुरोध हैकि इस नियमावली प्रारूप को झारखण्ड पंचायत राज अधिनियम 2001 की धारा 131 की उपधारा (1) के प्रावधानों के अनुसार अपने अपने कार्यालय के सूचना पट के साथ ही संबंधित सभी प्रखण्ड विकास कार्यालयों के सूचना पट पर एक माह तक प्रकाशित रखा जाय तथा इस पर प्राप्त आपत्ति/सुझाव को अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराया जाय।

सरकार के सचिव
पंचायती राज, एन.आर.ई.पी. (विशेष प्रभंडल) विभाग
झारखण्ड राँची।

प्रपत्र–1

(नियम 4 (ii) देखिये)

ग्राम सभा विनिर्दिष्ट करने हेतु आवेदन पत्र

सारणी

प्रखण्ड का नाम	ग्राम पंचायत का नाम	वर्तमान ग्राम सभा का नाम	प्रस्तावित ग्राम सभा के क्षेत्र में पड़ने वाले ग्राम/टोलो का नाम	जनसंख्या	नया ग्राम सभा बनाने का औचित्य
1	2	3	4	5	6

ग्राम सभा के सदस्यों के हस्ताक्षर

प्रपत्र–2
(नियम 4 (iii) देखिये)
सूचना

झारखण्ड पंचायत राज अधिनियम, 2001 के अन्तर्गत झारखण्ड ग्राम सभा (गठन, बैठक की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन) नियमावली, 2003 के नियम 4 (iii) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे दी गई सारणी के भीतर कॉलम 4 में वर्णित (ग्रामों/ग्रामों के समूह/टोलों एवं टोलों के समूह आदि के लिए अलग ग्राम सभा के गठन के आशय की जानकारी एतद द्वारा प्रकाशित की जाती है।

उन आपत्तियों/सुझावों पर, जो दिनांक ..... तक अधोहस्ताक्षरी को प्राप्त होंगे, विचार किया जायेगा। उक्त तिथि तक प्राप्त आपत्तियों/सुझावों पर दिनांक ..... को कार्यालय में सुनवाई की जायेगी।

सारणी

प्रखण्ड का नाम	ग्राम पंचायत का नाम	वर्तमान ग्राम सभा में शामिल क्षेत्र	प्रस्तावित ग्राम सभा में शामिल क्षेत्र	अवशेष क्षेत्र	जनसंख्या	थाना संख्या	अन्य विवरणी
1	2	3	4	5	6	7	8

स्थान –
जारी करने की तारीख–

जिला दण्डाधिकारी/ उपायुक्त

प्रपत्र-3
(नियम 4 (iv) देखिये)

अधिसूचना

झारखण्ड पंचायत राज अधिनियम, 2001 के अन्तर्गत झारखण्ड ग्राम सभा (गठन, बैठक की प्रक्रिया एवं कामकाज संचालन) नियमावली, 2003 के नियम 4 (iv) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए नीचे दी गई सारणी के कॉलम 2 में वर्णित ग्राम पंचायत की सीमा के भीतर कॉलम 5 में वर्णित क्षेत्र के लिए अलग ग्राम सभा का गठन करते हैं, जो आगामी माह की प्रथम तारीख से अस्तित्व में आएँगी।

सारणी

प्रखण्ड का नाम	ग्राम पंचायत का नाम	ग्राम सभा का नाम	राजस्व ग्राम	सम्मिलित ग्रामों के नाम	ग्राम की जनसंख्या	मुख्यालय
1	2	3	4	5	6	7

स्थान –
जारी करने की तारीख –

जिला दण्डाधिकारी/उपायुक्त

प्रपत्र- 4
(नियम- 7 (क) देखिये)

ग्राम सभा की बैठक की सूचना

ग्राम सभा _____ के सभी सदस्यों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम सभा की बैठक तारीख _____ को निम्नलिखित ग्राम _____ के स्थान _____ पर होगा।

ग्राम सभा के सभी सदस्य, जिनके नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं, बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं।

बैठक बुलाने वाला प्राधिकारी का हस्ताक्षर एवं मुहर

प्रपत्र–5
(नियम 12 देखिये)

ग्राम सभा में उपस्थित सदस्यों की उपस्थिति पंजी

1. ग्राम पंचायत का नाम –
2. ग्राम सभा का नाम –
3. बैठक की तारीख –
4. बैठक का स्थान –
5. बैठक का समय –

क्रमांक	बैठक में उपस्थित सदस्यों के नाम	सदस्यों के हस्ताक्षर
1.	2.	3.
1.		
2.		
3.		
4.		
5.		
6.		
7.		
8.		
9.		

उपस्थित सदस्यों की कुल संख्या (शब्दों में) .....

स्थान –
तारीख –

ग्राम पंचायत सचिव के हस्ताक्षर
एवं मुहर

प्रपत्र-6
(नियम 13 (क) देखिये)

ग्राम सभा में कार्यवाही अभिलेख

1. ग्राम पंचायत का नाम –
2. बैठक की तारीख –
3. बैठक का स्थान –
4. बैठक का समय –
5. उपस्थित ग्राम सभा सदस्यों की संख्या –

क्रमांक	ग्राम सभा के समक्ष रखे गये विषय	बैठक की कार्यवाही
1.	2.	3.
1.		
2.		
3.		
4.		
5.		
6.		
7.		
8.		
9.		

स्थान –
तारीख –

ग्राम पंचायत सचिव के हस्ताक्षर
एवं मुहर

प्रपत्र- 7
(नियम-5 (ड़) देखिए)

शपथ/ प्रतिज्ञा पत्र

मैं श्री/ श्रीमती ..... ग्राम सभा ..... ग्राम पंचायत ..... / प्रखण्ड ..... / जिला ..... के ग्राम सभा के अध्यक्ष के रुप में ईश्वर की शपथ लेता/लेती हूँ/ निष्ठापूर्वक प्रतिज्ञा करता/करती हूँ कि विधि द्वारा संस्थापित भारतीय संविधान के प्रति सच्चा विश्वास एवं निष्ठा रखूँगा/रखूँगी, झारखण्ड पंचायत राज अधिनियम की व्यवस्थाओं के अनुसार ग्राम सभा की परम्पराओं एवं रुढ़ियों को अक्षुण्ण रखते हुए सभी व्यक्तियों के लिए जो न्यायसंगत होगा वही करुँगा/करुँगी।

शपथ ग्रहण/ प्रतिज्ञाकर्ता का हस्ताक्षर

स्थान –

तारीख –

विहित पदाधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर एवं मुहर

सचिव, भारत सरकार
Secretary to the Government of India
जनजातीय कार्य मंत्रालय
Ministry of Tribal Affairs
शास्त्री भवन, नई दिल्ली-110001
Shastri Bhawan, New Delhi-110001
Website : www.tribal.nic.in
www.tribal.gov.in
E-mail : meena.gupta@nic.in

मीना गुप्ता
Meena Gupta
Tele : 23381652
Fax : 23073160

11th May, 2007

D.O.No. 11023/07/2000-TDR/C&LM.II

Dear Shri

I enclose a copy of C.O. 229- the Scheduled Areas (State of Jharkhand) Order 2007, published in the Gazette of India (Extraordinary, Part.II-Section 3-Sub-section (i) dated 11th April, 2007

We shall be grateful if the Order is brought to the notice of all concerned authorities so that the members of the Scheduled Tribes who live in these areas may get the protection of the provisions of the Fifth Schedule to the Constitution.

Yours sincerely,

Meena Gupta)

Shri Arvind Kumar Chugh,
Chief Secretary,
Government of Jharkhand,
Ranchi

Copy, with a copy of the C.O. No. 229 referred to above, forwarded to Shri N.N. Sinha, Secretary, Tribal Welfare Department, Government of Jharkhand, Ranchi.

(Dr. N.K. Ghatak)
Joint Director

झारखण्ड सरकार
कल्याण विभाग सचिव कोषांग
पै प्रे स 332 दिनांक 15.5.07

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99

REGD. No. D.L.-33004/99

सत्यमेव जयते

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग-II खण्ड-3-उप खण्ड (i)
PART II-Section 1- Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 180] नई दिल्ली, बुधवार, अप्रैल 11, 2007 / चैत्र 21, 1929
No. 180] NEW DELHI, WEDNESDAY, APRIL 11,, 2007 / CHAITRA 21, 1929

विधि और न्याय मंत्रालय

(विधायी विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 अप्रैल, 2007

सा. का. नि. 285 (अ).– राष्ट्रपति द्वारा किया गया निम्नलिखित आदेश सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है :–

"सं. आ. 229"

अनुसूचित क्षेत्र (झारखण्ड राज्य) आदेश, 2007

राष्ट्रपति, भारत के संविधान की पांचवीं अनुसूची के पैरा 6 के उप-पैरा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अनुसूचित क्षेत्र (छत्तीसगढ़, झारखण्ड और मध्य प्रदेश राज्य) आदेश, 2003 को, जहाँ तक इसका संबंध झारखण्ड राज्य में अब समाविष्ट क्षेत्रों से है, विखंडित करते हैं और उस राज्य के राज्यपाल से परामर्श के पश्चात निम्नलिखित आदेश करते हैं, अर्थात –

1. (1) इस आदेश का संक्षिप्त नाम अनुसूचित क्षेत्र (झारखण्ड राज्य) आदेश, 2007 है।

(2) यह तुरंत प्रवृत होगा।

2. नीचे विनिर्दिष्ट क्षेत्रों को झारखण्ड राज्य के भीतर अनुसूचित क्षेत्रों के रूप में पुनः परिभाषित किया जाता है :–

झारखण्ड

1. राँची जिला
2. लोहरदगा जिला
3. गुमला जिला
4. सिमडेगा जिला
5. लातेहार जिला
6. पूर्वी-सिंहभूम जिला
7. पश्चिमी सिंहभूम जिला
8. सरायकेला-खरसावां जिला
9. साहेबगंज जिला
10. दुमका जिला
11. पाकुर जिला
12. जामताड़ा जिला
13. पलामू जिला-सतबरवा ब्लॉक की राबदा और बकोरिया पंचायतें
14. गढ़वा जिला-भंडारिया ब्लॉक
15. गोड्डा जिला-सुदर पहाड़ी और बौरीजोर ब्लॉक

स्पष्टीकरण :– शंकाओं को दूर करने के लिए यह घोषणा की जाती है कि उक्त क्षेत्र वही हैं, चाहे उन्हें किसी नाम से पुकारा जाए, जो सं.आ. 109 (अनुसूचित क्षेत्र (बिहार, गुजरात, मध्य प्रदेश और उड़ीसा राज्य) आदेश, 1977), तारीख 31 दिसम्बर, 1977 द्वारा तत्कालीन बिहार राज्य के भाग के रूप में अनुसूचित क्षेत्रों के रूप में अनुसूचित किए गए हैं।

3. पूर्ववर्ती पैरा में प्रादेशिक खंड, उसे चाहे किसी नाम से उपदर्शित किया गया हो, किसी निर्देश का यह अर्थ लगाया जाएगा कि वह इस आदेश के प्रारंभ पर उस नाम से विद्यमान प्रादेशिक खंड के प्रतिनिर्देश है।

ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
राष्ट्रपति।

[फा.सं. 19 (8)/2006-वि.I]
के.एन. चतुर्वेदी, सचिव

MINISTRY OF LAW AND JUSTICE

(Legislative Department)

NOTIFICATION

New Delhi, the 11th April, 2007

G.S.R. 285 (E)- The following Order made by the President is published for general information :-

"C.O. 229"

The Scheduled Areas (State of Jharkhand)

Order, 2007

In exercise of the powers confened by sub-paragraph (2) of paragraph 6 of the Fifth Schedule to the Constitution of India, the President hereby rescinds the Scheduled Areas (States of Chhattisgarh, Jharkhand and Madhya Pradesh) Order, 2003 in so far as it relates tothe areas now comprised in the State of Jharkhand and in consultation with the Governor of that State, is pleased to make the following Order, namely :-

1. (1) *This Order may be called the* Scheduled Areas (State of Jharkhand) Order, 2007.

(2) It shall come into force at once.

2. The areas specified below are hereby redefined to be the Scheduled Areas within the State of Jharkhand :-

JHARKHAND

1. Ranchi District
2. Lohardaga District
3. Gumla District
4. Simdega District
5. Latchar District
6. East Singhbhum District
7. West-Singhbhum District
8. Saraikcla-Kharsawan District
9. Sahebganj Distict
10. Dumka District
11. Pakur District
12. Jamtara District
13. Palamu District-Rabda and Bokaro Panchayats of Satbarwa Block
14. Garhwa District- Bhandaria Block
15. Godda District - Sunderpahari and Boarijor Blocks.

Explonation - For the removal of duubts, it is hereby declared that the said arcas are the same, by whatever name called, as were notified as Scheduled Areas as part of the crstwhile State of Bihar vide C.O. 109 [the Scheduled Areas (States of Bihar, Gujarat, Madhya Pradesh and Orissa) Order, 1977], dated the 31st December, 1977.

3. Any reference in the preceding paragraph to a territorial division by whatever name indicated shall be construed as a reference to the territorial division of than name as existing at the commencement of this Order.

A.P.J. ABDUL KALAM

President

[F. No. 19 (8)/2006-Leg.I]

K.N. SHATURVEDI, Secy.

Printed by the Manager, Govt. of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi- 110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi - 110054

अलंकरण एवं मुद्रण : सेतु प्रिंटर्स, राँची। दूरभाष : 0651-2551353/56